**खबर संक्षेप**

## यातायात पुलिस मंडला द्वारा हटवाये गये हूटर एवं नंबर प्लेट



**मण्डला।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार विशेष अभियान के तहत पुरे प्रदेश में निजी वाहनो में हूटर, फ्लैश लाईट, व्हीआईपी स्टीकर एवं गलत तरिके से नंबर प्लेट का लगाना व दुरूपयोग करने वाले तथा यातायात के नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा हैं। उक्त अभियान अंतर्गत मंडला पुलिस व्दारा कार्यवाही की जा रही है। अभियान अंतर्गत वाहनो में हूटर, फ्लैश लाईट, व्हीआईपी स्टीकर एवं गलत नंबर प्लेट का दुरूपयोग करने वाले तथा यातायात के नियमो का उल्लघन करने वाले कार्यवाही की जा रही हैं।

## अवैध शराब के विरुद्ध की गई कार्यवाही

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी की टीम द्वारा मदिरा के अवैध संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में मण्डला में एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम के नेतृत्व में महाराजपुर, बस स्टैंड मण्डला तथा विशाल ढाबा में दबिश दी गई। इस दौरान 50 पाव विदेशी/देशी मदिरा 3 बोटल विदेशी मदिरा जप्त की गई। कार्यवाही के दौरान कुल 4 प्रकरण मदिरा विक्रय करने वाले आरोपियों के विरुद्ध पंजीबद्ध किए गए। इसी प्रकार नैनपुर में एसडीएम आशुतोष ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस एवं आबकारी बल नैनपुर द्वारा दबिश की कार्यवाही में 20 पाव विदेशी/देशी मदिरा जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

### विभिन्न मदों से स्वीकृत हजारों भवन वर्षों से अधूरे

# सर्वशिक्षा अभियान के हजारों निर्माण अपूर्ण





*** जिम्मेदारों का नहीं ध्यान, कब पूरा होगा निर्माण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

*बड़े-बड़े एक्सप्रेस-वे एवं बड़े-बड़े भवन जिनमें संसद भवन भी शामिल है जब निश्चित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण बनाये जा सकते हैं तो फिर हमारे जिले में ये छोटे-छोटे निर्माण कार्य न केवल अधूरे पड़े हैं बल्कि इनकी गुणवत्ता पर भी प्रश्नचिन्ह लगते रहते हैं। जिला स्तर पर बड़े-बड़े अधिकारी हर हफ्ते 02 बार बैठकर समीक्षा करते हैं लेकिन इन मुद्दों पर आखिर क्यों नहीं कोई बात होती।*

जिले के सभी 09 विकासखण्डों में अलग-अलग विभागों के विभिन्न मदों से स्वीकृत हजारों भवन वर्षो से अधूरे पड़े हैं जिसका खुलासा करते हुए विगत दिवस दर्जनों समाजसेवी द्वारा कलेक्टर के नाम कार्यालय में ज्ञापन सौपते हुए मांग की गई है कि अधूरे भवनों को शीघ्र पूरा किया जाये जिससे इन भवनों का जनहित में उपयोग हो सके जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि घुघरी जनपद कार्यालय के प्रागंण में राजस्व विभाग के उपयोग के लिए स्वीकृत भवन भी अधूरा है इसी तरह माधोपुर ग्राम पंचायत कार्यालय के समीप बना भवन भी अधूरा है और सैकड़ो आंगनवाड़ी भवन भी पूर्ण होने का इंतजार कर रही हैं। कन्हैया ठाकुर द्वारा बताया गया कि आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार अकेले सिर्फ राजीव गांधी शिक्षा मिशन व सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्वीकृत एक हजार से अधिक भवन अधूरे हैं जिसका मामला कलेक्टर के पास लंबित है। शेष अन्य विभागों की गणना की जाये तो ऐसे भवनों की संख्या और अधिक निकलकर सामने आयेगी ऐसे अनेक भवनों का लोगों को पता ही नहीं कि निर्माण एजेन्सी कौन है। प्रायः ये भवन लगभग 75 प्रतिशत निर्मित हो चुके है। जिसमें शासन की पर्याप्त राशि व्यय हो चुकी है। अब इन भवनों में 25 प्रतिशत कार्य और करा दिया जाये तो ये भवन उपयोगी हो जायेगें। शासन के पास ऐसे अनेक मद है यदि सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिम्मेदार अधिकारी चाह ले तो ये मृत भवन जीवित हो जायेगें। दूसरी तरफ देखा जाये तो जिले में बने अनेक स्टाप डेम व पुलिया निर्माण का कोई उपयोग नहीं है। औचित्यहीन स्थानों पर बनाकर शासन की राशि अनावश्यक खर्च की गई है। पिछले दिनों मण्डला ब्लाक के ग्राम सुभरिया में बना ऐसा ही स्टाप डेम का समाचार मीडिया में प्रकाशित हुआ था यह निर्माण पहाड़ी के बीच में बगैर बसाहट के स्थान पर 10.50 लाख का बना दिया गया है। जो वाटर कैचप एरिया नहीं है। इस तरह के कामों में राशि खर्च ना करके पहले उपयोगी व अधूरे निर्माण कार्यो को पूरा किया जाये तो बेहतर होगा। उपरोक्त मामला जनहित व शासकीय राशि के सदुपयोग के लिए विचारणीय है। ये बात समझ के परे है कि स्टीमेट के साथ राशि स्वीकृत की जाती है फिर इतनी संख्या में भवन अधूरे क्यों हैं ये बड़ा सवाल है।




## निवास विधायक ने किया भूमि पूजन, ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास

मण्डला जिले की जनपद पंचायत नारायणगंज अंतर्गत ग्राम पंडरिया पंचायत में पंडरिया से नारायणगंज पहुंच मार्ग कई वर्षों से कच्चा पड़ा हुआ था, जिसके चलते ग्रामीणजन को बारिश के समय आने जाने में बहुत अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता था, इस सड़क की तरफ ना ही पूर्व नेताओं ने ध्यान दिया ना प्रशासन ने, जिसके कारण ग्रामीण सालो से परेशान थे

### अब निवास विधायक की विधायक निधि से होगा निर्माण कार्य

सालों बाद अब इस सड़क का पक्का निर्माण कार्य होने वाला है विधायक निधि की दस लाख की राशि से यह निर्माण कार्य होगा, जिसका भूमिपूजन आज निवास के विधायक चैन सिंह वरकड़े के कर कमलों से किया गया, भूमिपूजन कार्यक्रम में स्थानीय नेताओं के अलावा ग्राम पंचायत प्रशासन भी उपस्थित रहा, भूमिपूजन के कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों के चेहरे खिले नजर आए और उन्होंने विधायक का आभार जताया, कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष मांगन लाल सोनी रघुनंदन विश्वकर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजुल ज्योतिषी युवा कांग्रेस अध्यक्ष रितेश सोनी (टिंकल), नगर अध्यक्ष रूपेश अग्रवाल, विपिन रामकुमार सोनी, विपिन छत्रपाल सोनी, संदीप सोनी, गुन्ना सिंगरौरे ग्राम पंचायत पडरिया सरपंच राजकुमार तेकाम (छुट्टियल) सचिव हरदयाल मरावी, हिरदेश साहू, बलराम साहू, सुरेंद्र सोनी, रुकमणी रामकुमार साहू, प्रताप सिगरौरे, मुकेश सोनी, राममिलन चौकसे, सत्तू सोनवानी, राजकुमारी, राजाराम कुडापे, राजेश सिगरौरे, बसंत चौकसे तथा स्थानीय तथा कांग्रेसी नेता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## जीवन में एक बार सिद्धचक्र महामण्डल विधान अवश्य करें



**मण्डला।** सौधर्म इंद्र (अमरदीप परिवार) अपने परिवार के साथ सिद्धचक मंडल विधान करते हुए सिद्धों की आराधना कर रहे हैं। अभय भैया जी ने अपने प्रवचन में कहा कि सभी को जीवन में ये चार संकल लेना पहला कि पंचकल्याक में हमें एक बार भगवान के माता बनना चाहिए दूसरा सौधर्म इंद्र बना चाहिए तीसरा जो प्राप्त है वह पर्याप्त है ऐसा समझना किसी से ईर्ष्या नही करना चाहिए। संसार में कभी कोई वैभव लेकर नहीं जाता । मात्र जीवन की अच्छाईया दान पुण्य ही साथ जाता है जीवन को साता से जियो अपने परणामों में आर्त रौद्र परिणाम मत करो। जीवन में जितना सहज सरल रहोगे तो वैसे ही हमारे परिणाम बनते है अपने जीवन में एक बार सिद्ध चक्र महामंडल विधान अवश्य करना चाहिए वो भी दरिद्रता से नहीं ठाठ वाट के साथ पूरे समाज परिवार और रिश्तेदार को भी आमंत्रित करके विधान में अवश्य आमंत्रित करें। इसी में हमारे जीवन की सार्थकता है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दो की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत कूड़ा मैली जबलपुर से मंडला मार्ग कुड़ामैली के पास मोड में बुलेट सवार उमेद अली पिता शौकत अली उम्र 30 वर्ष राजीव कॉलोनी देवदार विदुर भावरे पिता तिलाभवरे उम्र 25 वर्ष भंवरदा की मौत बुलेट गाड़ी से अज्ञात वाहन के टकराने से हो गई जिनकी जो की रात्रि 9:00 बजे की घटना है तीसरा उमर खान 26 वर्ष सिवनी जोक घायल होने के कारण उन्हें एक अस्पताल रेफर नारायणगंज जबलपुर रेफर कर दिया गया यह तीनों व्यक्ति मंडला से जबलपुर की ओर जा रहे थे कूड़ा मैली के पास अज्ञात वाहन के टकराने से दो की मौत हो गई और एक घायल हो गया इसकी विवेचना एस आई शुक्ला एवं स्टाफ विवेचना कर रहा है।

### विश्व महिला दिवस पर सैकड़ों महिलाएं होती रही शर्मसार

# आजादी के बाद से अब तक महिलाओं के लिए नहीं बन पाया सार्वजनिक शौचालय

**छपारा नगर परिषद का मामला**

**छपारा** - नगर परिषद के महिला अध्यक्ष होने के बावजूद विश्व महिला दिवस पर छपारा नगर परिषद के मुख्यालय में सैकड़ो महिलाएं शर्मसार होती रही। विकास का ढिंढोरा पीटने और फोटो सेशन वाले इन जनप्रतिनिधियों ने अब तक सार्वजनिक महिला शौचालय प्रसाधन की व्यवस्था नगर में क्यों नहीं कर पाए है यह बड़ा सवाल हैं। उल्लेखनीय है कि 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है लेकिन 20 हजार से अधिक आबादी वाले छपारा नगर परिषद के महिला अध्यक्ष होने के बावजूद भी छपारा नगर में महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालय और प्रसाधान तक नगर परिषद नहीं बनवा पाई हैं।




**महिला प्रधान नगर में बद से बद्तर हालात**

इस संवेदनशील और गंभीर मामले में यह बताना भी जरूरी है कि छपारा नगर परिषदकी बागडोर भी महिला अध्यक्ष के रूप में श्रीमती निशा पटेल पिछले 3 सालों से सभाल रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के सम्मान के लिए छपारा नगर की महिला प्रधान जनप्रतिनिधि की क्या सोच है, इसकी सचाई सिवनी जिले के नेशनल हाईवे पर पर स्थित छपारा नगर परिषद मुख्यालय पर देखी जा सकती है जहां आजादी के बाद से अब तक नगर के हृदय स्थल बस स्टैंड और अन्य स्थलों में सार्वजनिक महिला शौचालय एवं प्रसाधन तक नहीं है। जिसके चलते नगर के अलावा आसपास के सैकड़ों ग्रामों तथा बसों में सफर कर रही महिलाओं को छपारा बस स्टैंड में लघुशंका एवं शौच के लिए यहां-वहां भटकने के साथ-साथ शर्मसार भी होना पड़ता हैं। इसके अलावा छपारा नगर में सप्ताह में 2 दिन हाट बाजार लगता है और इस हाट बाजार में छपारा नगर के आस पास से सैकड़ों ग्रामों की महिलाओं का नगर में आगमन भी होता है लेकिन आए दिन यह देखा जाता है कि यह सभी महिलाएं लघुशंका एवं शौच जाने के लिए यहां-वहां भटकने के साथ-साथ सार्वजनिक रूप से शर्मसार भी होती रहती हैं।

**कार्यक्रम** | **महिलाएं अपनी सेवाओं से समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।**

# रानी दुर्गावती महाविद्यालय में शौर्यवंदन का कार्यक्रम

*** महिलाओं के उत्थान के लिये विभिन्न योजनायें हैं संचालित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिलाओं को सशक्त सबल और आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। जिससे महिलाएं आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक, खेलकूद, उद्योग, व्यापार और प्रशासनिक क्षेत्र की ओर अग्रसर हुई हैं। उन्होंने कहा कि संपूर्ण प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है। जिससे महिलाओं के द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें सम्मानित किया जा सके। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके रविवार को रानी दुर्गावती महाविद्यालय मंडला ऑडीटोरियम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान अंतर्गत शौर्यवंदन कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके के आगमन पर उनका फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बालिकाओं एवं महिलाओं के द्वारा लोकनृत्य प्रस्तुत किए गए। बालिकाओं एवं महिलाओं के द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य ने उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया, तालियों की गड़गड़ाहट से संपूर्ण ऑडीटोरियम गूंज उठा। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रस्तुत करने वाले बालिकाओं और महिलाओं को 21 हजार रूपए, 11 हजार रूपए और 5100 रूपए राशि देकर पुरूस्कृत किया। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने इस अवसर पर कक्षा दसवी और कक्षा बारहवी में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले छात्राओं और सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया। आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को पिंक लायसेंस का भी वितरण किया गया।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने बताया कि सरकार ने पंचायती राज एवं नगरीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण प्रदान कर प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान किया है। इससे समाज में पुरूष और महिलाओं में समानता का वातावरण बना है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को आरक्षण प्रदान कर शासकीय सेवाओं में भी जाने का अवसर प्रदान किया गया है। इससे महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाओं के माध्यम से राष्ट्र व समाज हित में निर्णय लेने की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि महिलाएं राष्ट्र व समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने महिलाओं को देवी का रूप बताया। शासन द्वारा महिलाओं के विकास व उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की गई हैं। जिससे महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, उद्योग, व्यापार, खेलकूद, सामाजिक गतिविधियाँ सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगातार आगे बढ़ रही हैं।

## लखनादौन में भ्रष्टाचार का जनपद अध्यक्ष ने सीएम को लिखा अंतिम पत्र, रोकड़े को हटाने की अंतिम चेतावनी

**हरिभूमि न्यूज लखनादौन (सिवनी):** लखनादौन जनपद पंचायत में भ्रष्टाचार का अंत करने के लिए जनपद अध्यक्ष श्रीमती पार्वती डुमारीलाल उइके ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को अंतिम पत्र लिखा है। उन्होंने सहायक यंत्री राहुल रोकड़े पर भ्रष्टाचार के पहाड़ खड़े करने का आरोप लगाते हुए उन्हें उनके औकात (मूल पद उपयंत्री) पर वापस भेजने की अंतिम चेतावनी दी है।

श्रीमती पार्वती उइके ने पत्र में लिखा है कि राहुल रोकड़े, जिनका मूल पद उपयंत्री है, वरिष्ठ अधिकारियों से सांठगांठ करके सहायक यंत्री बन बैठे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रोकड़े ग्राम पंचायतों के कार्यों के टी.एस. (तकनीकी स्वीकृति) के लिए सरपंचों से जबरन वसूली करते हैं। उनके द्वारा जनपद पंचायत लखनादौन में भ्रष्टाचार चरम सीमा पार कर चुका है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि रोकड़े द्वारा किए गए कार्य घटिया और भ्रष्टाचार की नींव पर खड़े हैं, जिसकी अनेकों बार शिकायत की गई, लेकिन ऊपर से नीचे तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जनपद अध्यक्ष ने रोकड़े पर भ्रष्टाचार का नंगा नाच करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की कहानी लगातार समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रही हैं, लेकिन सत्ता के नशे में डूबे अधिकारी कान में तेल डालकर बैठे हैं।



## गौरव स्वर्णकार महिला मंडल सिवनी के द्वारा होली मिलन एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गौरव स्वर्णकार महिला मंडल सिवनी की अध्यक्षा के मार्गदर्शन पर होली मिलन एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम होटल आशीर्वाद में संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण एवं राधा रानी को गुलाल लगाकर फूलों से सजाकर भगवान का श्रंगार कर फूलों से होली खेली गई एवं एक दूसरे को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए मनोरंजन गेम खेले गए साथ ही अंताक्षरी एवं श्री कृष्ण राधा रानी के भजनों की प्रस्तुति दी गई। गौरव स्वर्णकार महिला मंडल शिवानी की समस्त बहनों ने शराबबंदी हस्ताक्षर अभियान में अपना समर्थन दिया एवं 500 हस्ताक्षर करवाने का संकल्प लिया साथ ही हस्ताक्षर की शुरुआत अपने ही हस्ताक्षर करके शुरू की गई।कार्यक्रम के अंत में गौरव स्वर्णकार महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती संजना संजय सोनी जी के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया एवं एवं स्वल्पाहार के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

# ककरा घाट मार्ग पर बेलगाम गति से भाग रहे डंपर की चपेट में आने के चलते बाइक सवार की हुई घटना स्थल पर मौत तो दूसरा घायल

**आक्रोशित लोगों ने शासकीय चिकित्सालय के सामने विरोध प्रदर्शन करते हुये किया चकाजाम, स्थिति को देखते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों ने पहुंचकर संभाला मोर्चा**






गाडरवारा।

क्षेत्र की सड़को पर जिस तरह समीपस्थ एनटीपीसी से निकलने वाली राख हो या फिर कोयला सहित रेल का परिवहन करने वाले बेगाम गति से दौड़ रहे भारी भरकम डम्फरों की स्थिति इस तहर से देखी जा रही है कि वह आये दिन दुर्घटनाओं को अंजाम देते हुये सड़को पर खून की नदिया वहाने में पीछे दिखाई नही दे रहे है। मुख्य रूप से देखा जावे तो एनटीपीसी से निकलने वाली राख के परिहवन पर नजर डाली जावे तो यहां पर देश के कौने कौने से आये हुये भारी भरकम डम्फरों का हाल तो इस तरह से देखने मिल रहा है कि न तो उनमें लगी हुई नम्बर प्लेटे स्पष्ट रूप से दिखाई देती है तो दूसरी ओर खुलेआम ओवर लोड़िग के साथ जिस प्रकार से वही सड़को पर धमाचौकड़ी मचाये हुये देखे जा रहे है। यह सच्चाई निश्चित तौर से परिवहन विभाग से लेकर क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों की कार्य शैली पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहे है..? इस तरह बगैर नम्बर प्लेट या फिर गुप्त रूप से अपने वाहनों के लिखे हुये नम्बरों के बीच जिस तरह क्षेत्र की सहन शीलता में कमजोर बनी हुई सड़को पर ओवर लोड़िग करते हुये ताडंव मचाते हुये देखे जा रहे है आखिर इनको किसका संरक्षण मिल रहा है जिसके चलते प्रशासन के अधिकारियों को भी कार्यवाही करने के नाम पर हाथ पैर फूलने से नही चूक पाते है..? क्षेत्र की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो गाडरवारा से पिपरिया की ओर जाने वाला मार्ग हो या फिर गाडरवारा से करेली या फिर सागर की ओर जाने वाला तेदूखेड़ा मार्ग की चौडाइ कम होने के चलते यहां से जब यह भारी भरकम डम्फर दौड़ते है तो अन्य वाहनों को निकलना मुश्किल होने से नही चूकता है। इस तरह प्रतिदिन देखा जा रहा है कि इन वाहनों की क्षमत सहन करने में असफल हो रही इन सड़को पर इस तरह भारी भरकम डम्फरों की धमाचौकड़ी के चलते आये दिन खून की नदिया बहते हुये देखा जाना आम बात होती जा रही है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये 2 मार्च को समीपस्थ ग्राम पिठहरा के पास उस समय देखने मिली थी जब एक तेज गति से दौड़ रहे डम्फर की चपेट में आने के कारण एक कार जहां पूर्णरूप से चकराचूर होने से नही बच पाई थी। वही कार में सबार एक युवक की मौके पर ही मौत होने के साथ अन्य चार लोग घायल हुये थें जिसमें दो की स्थिति अभी भी गंभीर बताई जाती है। इस घटना को लोग अभी भुला ही नही पाये थें कि रविवार को इस तरह भारी भरकम डम्फर की चपेट में मोटर साईकिल सबारों के आने के चलते जहां एक की मौके पर ही मौत हो गई तो दूसरा गंभीर रूप से घायल होने से नही बच पाया। घटना इस तरह से देखने मिली है कि लोगों द्वारा देखते हुये ही उनकी आंखो में आंसू आने से नही चूक पा रहे थें। क्योंकि डम्फर की चपेट में मोटर साईकिल सबार इस तरह आये हुये थें कि जहां एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी तो दूसरा युवक डम्फर के अंदर इस तरह फसा हुआ था कि उसे पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर बड़ी मुश्किल से निकालते हुये उपचार लिये शासकीय चिकित्सालय भेजा गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मूल रूप से ग्राम कौड़िया निवासी दीपक पिता कोमल सिंह धानक उम्र लगभग 28 साल अपने साथी अभिषेख पिता नरेन्द्र धानक के साथ मोटर साईकिल से कही जा रहे थें। उसी दौरान तेंदूखेड़ा से गाडरवारा की ओर आ रहे तेज गति से भागते हुये डम्फर क्रमांक HR 84-9566 ने अपने चपेट में इस तरह लिया की जहां दीपक की मौके पर ही मौत हो गई तो अभिषेख डम्फर के नीचे फंस जाने के कारण काफी समय तक अपनी जिन्दगी बचाने के लिये जूझते हुये देखा गया। इस तरह घटना स्थल पर जहां लोगों की भीड़ एकत्र होने के साथ सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे गाडरवारा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक के आलवा गाडरवारा पुलिस बल के कर्मचारियों द्वारा डम्फर के अंदर फंसे हुये अभिषेख को बड़ी मुश्किलों के साथ निकलाते हुये उपचार के लिये शासकीय चिकित्सालय भेजा गया। बताया जाता है कि इस घटना में मृत हुआ दीपक धानक जो कौड़िया निवासी होने के साथ वह मजदूरी करते हुये अपने परिजनों का पेट पालने के लिये गाडरवारा केकरा मार्ग पर बने हुये किसे मकान में निवास करता है। क्योंकि दीपक धानक पर अपनी माँ व तीन अविवाहित महिलाओं के साथ साथ पत्नी व 6 माह की मासूम बच्ची के भरण पोषण का भार था। इस तरह दीप की मौत हो जाने के कारण जहां पूरा का पूरा परिवार बेसहारा हो चुका है। वही दूसरी ओर मृतक की मासूम बच्ची ने तो अभी तक अपने पिता को पूर्णरूप से पहचान तक नही पाया था और उसके ऊपर से बाप का साया उठ जाने के कारण पूरा परिवार शोक में डूबने से नही चूक पाया है। वही दूसरी ओर क्षेत्र के लोगों में भी आक्रोश का महौल देखने मिल रहा है। इस तरह क्षेत्र की सड़को पर इन बेलगाम दौड़ रहे भारी भरकम डम्फरों की मनमानी के चलते सड़के क्षेत्रवासियों के खून से लाल होने के कारण विरोध प्रदर्शन करने से नही चूक रहे है। इस तरह गाडरवारा ककरा घाट मार्ग पर घटित हुई इस घटना के चलते क्षेत्र सहित मृतक के परिजनों से 6 माह की बच्ची को लेकर नगर के शासकीय चिकित्सालय मार्ग पर चकाजाम करते हुये विरोध प्रदर्शन किया गया। परिजनों की मांग थी कि जहां एक मासूम बेटी के ऊपर से उसके पिता का साया उठ गया है तो दूसरी ओर मृतक की पत्नी सहित वृद्व माँ व तीन अविवाहित बहिने भी बेसहारा होने से नही चूकी है। इसलिये उन्हें अब शासन प्रशासन से उचित प्रबंध किये जावे जिससे वह अपनी जिन्दगी व्यतीत कर सके। इस तरह आक्रोशित लोगों द्वारा किये गये चकाजाम के चलते सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लम्बी लाईन लगी हुई देखने मिली। वही दूसरी ओर आक्रोशित लोगों द्वारा दिये गये धरने की जानकारी मिलते ही मौके पर अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति कलावति व्यारे सहित उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, नगर निरीक्षक विक्रम रजक ने अपने बल के साथ पहुंचकर परिजनों को हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया गया जब कही वह शांत हुये और पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा बनाते हुये शव का पोस्ट मार्टम कराने के बाद परिजनों को सौपा गया। वही दूसरी ओर क्षेत्र में बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था को देखते हुये जहां मौके पर अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक दिलीप सिंह भूरिया व आसपास थानों का भारी पुलिस बल पहुंच गया था तो दूसरी ओर गाडरवारा उप पुलिस अधीक्षक के साथ नगर के चिकित्सालय में समीपस्थ चीचली, सांईखेड़ा सहित गाडरवारा पुलिस पेहरा दे रही थी। वही घटना को अंजाम देने वाले डम्फर की सच्चाई पर गौर किया जावे तो उसमें लगी हुई नम्बर प्लेट की सच्चाई जिस तरह से देखने मिल रही थी। वह निश्चित तौर से परिवहन विभाग की भूमिका का कटघरे में खड़ा करने से नही चूक रही थी।

## खबर संक्षेप

### अतिक्रमण हटाने में नाकाम साबित हो रहा प्रशासन, मुसीबत में फंसे राहगीर, वाहन चालक

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** वर्तमान में शहर के रेलवे स्टेशन क्षेत्र पलोटन गंज, राठी तिराहे, शासकीय शालाओं के इर्द गिर्द शुक्रवार बाजार, मंदिरो, मस्जिदो के सामने पसरे अतिक्रमण से जहां शहर को सौन्दर्यीकरण खतरे में पड़ गया है, वही शहर में चौतरफा हुए अतिक्रमण से राहगीरो, वाहन चालकों का सड़को से गुजरना दूभर होता जा रहा है। गौरतलब है कि नगर में इस समय नजूल, नपा.लोक निर्माण विभाग द्वारा अपनी बेश कीमती भूमि की परवाह न करने से अतिक्रमणकारियो के हौसले बुलन्द हो गए है, जिसके चलते सड़कों के किनारो, चौराहो के नजदीक शासकीय भूमि का दुरूपयोग करते हुए अतिक्रमणकारी ठेले रख रहे है । वही देखा जा रहा है कि नगर में जहां तहां खाली पड़ी शासकीय भूमि पर लोगों द्वारा खुलेआम कालोनियों का निर्माण किया जा रहा है? जिससे नगर का स्वरूप बिगाड़नें का प्रयास कर रहे है, इस बेजा हो रहे अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था तो चौपट हो ही रही है साथ ही शहर में जहां तहां जाम लगने, दुर्घटनाएँ होने के अंदेशा सदा बना रहता है। विदित हो कि शहर के प्रमुख बाजार में जहां अनेक व्यापारी आधी सड़क पर कब्जा जमा अपनी दुकानो का सामान प्रदार्शित करते है तथा झंडाचौक पर मनमर्जी से दुकानें लगाने से शाम के समय सड़को से निकलना मुश्किल हो जाता है। इसी तरह शैक्षणिक संस्थाओं के इर्द गिर्द अतिक्रमणो की बाढ़ आने से शालाओं में पहुँचने वाले बच्चों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। ज्ञातव्य है कि बैंकों, सब्जी बाजार, अनेक शासकीय कार्यालयो में वैसे भी पार्किंग व्यवस्था का अभाव है तो दूसरी ऊपर से नगर में अतिक्रमण की अमरबेल फैलती चले जाने से विकसित हो रहे नगर की ट्रेफिक व्यवस्था पंगु होती जा रही है। शहरवासियो का कहना है कि शहर में धड़ल्ले से चहुँओंर अतिक्रमण होने से गाडरवारा की पहचान मुश्किल भरे शहर के रूप में बनती जा रही है और बेतरतीब बसाहट, ठेले, ठिलियो का जाल फैलने से नगर की सुंदरता को ग्रहण लगने लगा है, बेबाक लहजे में कुछ लोगो का कहना है कि वास्तव में अतिक्रमण फैलाने की बीमारी राजनीतिक पहुँच वाले असरदारों की देन है? इसलिए जब भी प्रशासन कोई अतिक्रमण विरोधी मुहिम शुरू करता है वे उसके सुर में सुर मिलाकर अपना अतिक्रमण हटाने की बजाय शासकीय भूमि पर टपारिया बनाकर रहने वालो व चाय पान का ठेला लगा अपनी जीविका चलाने वाले नौजवानो का बालि का बकरा बना देते है। इन लग्जरी रंगी बिरंगी कार मेनो की इस तिकडम का नतीजा है कि नगर अतिक्रमण मुक्त नहीं हो पा रहा है और शहर में खुलेपन का माहौल नही बन पा रहा है, प्रशासन, नपा. से शहर के निवासियो ने गुहार लगायी है कि वह शहर को अतिक्रमण के जंजाल से मुक्त करने की दिशा में पहल करें।

### अपने स्वार्थो को पूर्ण करने के लिये पेड़ों को किया जा रहा बदहाल

**गाडरवारा।** शहर की सड़कों के किनारे और व्यस्ततम माने जाने वाले इलाको में विभिन्न संस्थाओं ने पूर्व वर्षो में जो वृक्ष लगवाये थे वे भले छाया देने की स्थिति में आ गए है, किन्तु प्रशासन की अनदेखी से इन वृक्षो को प्रचार प्रसार का माध्यम बनाने का सिलसिला चल रहा है। बताया जाता है कि शहर की सड़कों के किनारे सीना तान खड़े वृक्षो पर कीलें ठोंकरकर बड़े पोस्टर, बैनर, प्लेक्स लगाकर वृक्षो को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। हरेभरे वृक्षो का उपयोग विज्ञापन वोर्डो के रूप में करने का विरोध करते हए शहरवासियो का कहना है कि भारतीय संस्कृति में वृक्षो को देवता माना गया है, वृक्ष सजीव होते है, उन पर कीलें, ठोंकना, व्यापारिक स्वार्थ के लिए उनका उपयोग करना उचित नहीं है। वृक्षों पर पोस्टर, बैनर लगाने से शहर का सौंदर्यीकरण जहां प्रभावित होता है, वही बारिश के दिनों में ऑधी, पानी से भी वृक्षो में लगे बड़े बड़े पोस्टर, बैनर दुर्घटनाओं का सबब भी बन सकतें है तथा स्कूली बच्चो के लिए भी ये खतरनाक साबित हों सकतें है?

## नगर के आजाद वार्ड में दस लाख से अधिक विकास कार्यों के लिये नपा अध्यक्ष ने रखी आधारिशला



**गाडरवारा।** नगर को विकास की गति देने वाले नगर पालिका अध्यक्ष शिवकांत मिश्रा द्वारा नगर के 24 वार्डो में क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के कैविनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के मार्ग दर्शन में जिस तरह निर्माण कार्य कराते हुये चार चांद लगाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये रविवार को नगर के आजाद वार्ड में नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा लोक निर्माण विभाग के सभापति सुरेंद्र गुर्जर सहित वार्ड पार्षद तथा सभापति सामान्य प्रशासन विभाग श्रीमती राजकुमारी सतीश कौरव की मौजूदगी में 10 लाख 67 हज़ार रुपए के सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर नपा अध्यक्ष मिश्रा द्वारा मौजूद लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि केन्द्र से लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा जिस तरह सोच बनाई गई है कि किसी भी स्थिति में विकास कार्य नही रूकना चाहिये। उसी सोच के चलते नपा द्वारा भी नगर विकास के लिये किसी तरह की कोई गति नही छोड़ी जा रही है। इसी प्रकार से वार्ड पार्षद श्रीमति राजकुमारी ने वार्ड के लोगों से कहा कि आप लोगों द्वारा मुझे जिस सोच के तहत दो साल पहले आर्शीवाद दिया गया है उस सोच को अमलीजामा पहनाना मेंरा लक्ष्य है। उसी लक्ष्य के तहत मेरे द्वारा अपने वार्डो की समस्या का समाधान व विकास कार्यो को पूर्ण करने में पीछे नही रहूंगी। इस अवसर पर राम कुमार मेहरा पूर्व पार्षद, शैलेश पटेल पूर्व भाजपा महामंत्री, कु स्वेता सिंह राजपूत, बंटी चौकसे, नीरज कटारे, सर्वेश बुधौलिया, हीरा बिश्नोई, अखिलेश श्रीवास्तव , गुड्डु शर्मा, धीरज कौरव, शिवकुमार कौरव, नितेश समधिया, मोहन तिवारी, शिवशरण शर्मा, कमलेश शुक्ला ,अक्षय मेहरा, यशवंत कोष्टी, कातिया मासाब, प्रमोद राजपूत, जितेंद्र शर्मा, ऋषि दीक्षित, महेंद्र रैकवार, राजकुमार शर्मा, शैलेष गुप्ता, राजेश कौरव, प्रमोद राय, अरविंद खरे, दम्मा काका, देवेंद्र विश्वकर्मा, बिट्टू अग्रवाल, विशाल राठौर, कु संध्या उइके (उपयंत्री लोक निर्माण विभाग नगर पालिका) सहित अन्य लोग मौजूद थें।



## पूर्व विधायक कक्काजी के घर पहुंचे प्रदेश के कैविनेट मंत्री प्रहलाद पटैल, उनके स्वास्थ्य को लेकर की गई चर्चा

गाडरवारा

कुछ दिनों पहले क्षेत्र के क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व विधायक गोंविद सिंह पटेल जब शादी समारोह में शामिल होने के लिये पलोहा था रहे थे, उसी दौरान एक बुलरों के बीच उनकी गाड़ी की टक्कर होने के चलते घायल हो गये थें। इसी के चलते पूर्व विधायक कक्काजी को उपचार हेतु जबलपुर ले जाया गया था। उपचार के बाद इस समय गोविंद सिंह पटैल अपने घर पर आराम करते हुये स्वास्थ्य लाभ ले रहे है। बीते हुये नरसिंहपुर विधायक तथा प्रदेश के कैविनेट पंचायत मंत्री प्रहलाद पटैल ने गाडरवारा क्षेत्र का दौरा करने के दौरान वह पूर्व विधाकक कक्काजी के आवास पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली गई। इस दौरान उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक, पूर्व मंत्री जालम सिंह पटैल के आलवा पूर्व नपा अध्यक्ष नवनीत चाचा सहित अन्य भाजपा के बडे नेतागण मौजूद थें।

## दादा धूनी नगरी में शिव माहपुराण की तैयारियाँ जोरों पर



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** आने वाले चैत्र नवरात्र के दौरान नगर नये तहसील कार्यालय के सामने आनंद भवन में होने वाले महा शिवपुराण की तैयारियाँ सांईखेड़ा में बडे ही जोरो से चलते हुये देखी जा रही है। बताया जाता है कि श्री श्री 1008 दादा धूनीवालों की असीम कृपा तथा मां नर्मदा मैया के आशीर्वाद से चैत्र मास के नवरात्रि महोत्सव के उपलश्र्य में दादा धूनी वालों की तपोभूमि सांई खेड़ा में 21/दिवसीय भव्य मेला एवं विशाल महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसी के चलते नगर में दादा महाराज का भव्य दरबार लगने जा रहा है। इस दौरान शिव महापुराण का आयोजन दिनांक 19 मार्च से 28 मार्च तक चलने के साथ ही अखण्ड दादा महाराज के नाम संकीर्तन व अखण्ड दुर्गा पाठ 30 मार्च से अप्रैल तक आयोजित होगाप। पूर्णहूति एवं विशाल भण्डारे का आयोजन 7 को होगा। इसी के चलते बीते हुये दिवस संतो द्वारा महाराज जी का पूजन किया गया।

## इमालिया की आनंद शाला में मनाया गया महिला दिवस, नाटक प्रस्तुति के साथ दिया गया महिला सुरक्षा का संदेश



**गाडरवारा।** शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम इमालिया के आनंद शाला में महिला दिवस का आयोजन समारोह पूर्वक किया गया। बताया जाता है कि इस आनंद शाला के छोटे बच्चों के द्वारा महिला सशक्तिकरण विषय पर नाटक और नृत्यों क शानदार प्रस्तुति दी गई। इस इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेवी भाजपा नेत्री शिरोमणि कौरव और जिला पंचायत सदस्य मोना कौरव भी मौजूद रही। बताया जाता है कि आयोजित इस कार्यक्रम में नगर की अलग-अलग संस्थाओं से नामचीन हस्तियां शामिल हुई। इस दौरान शिक्षा, महिला कल्याण और महिला सुरक्षा से जुड़े विषयों पर आनंद शाला की छोटी बालिकाओं द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस दौरान समाज सेवी शिरोमणि कौरव ने इस कार्यक्रम के दौरान कहा राजेंद्र बाबू वार्ड इमलिया में आनंद शाला को मैंने बीज से पौधा और पौधा से सुंदर फूल की तरह बढ़ते हुए देखा है। मंच संचालन से लेकर कार्यक्रम आयोजन सभी कार्य छोटे बच्चों के द्वारा किए जाने वाली प्रस्तुति को लेकर उन्होंने प्रशंसा की गई। वही आनंद शाला के संचालक बृजेश कौरव का अभिनंदन करते हुए उन्होंने कहा कि आपकी पहल से ग्राम इमलिया के बच्चे भविष्य में यह नगर के साथ साथ जिला व प्रदेश सहित देश का नाम रोशन करने में पीछे नही रहेगे। इसी प्रकार से इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज सेवी मोना कौरव ने आनंद शाला इमलिया के द्वारा किए गए इस समारोह कि प्रशंसा करते हुये कहा कि महिलाएं ही देश का भविष्य है और जब महिला सशक्तिकरण को बल मिलेगा तभी यह देश भी आगे बढ़ेगा। हालांकि वर्तमान में समाज की मानसिकता में सुधार हो रहा है मगर अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है।

## शिक्षक संदर्भ समूह ने किया महिला दिवस के मौके पर सावित्री बाई फुले अलंकरण सम्मान समारोह का आयोजन




**गाडरवारा।** शनिवार की देर शाम स्थानीय रॉयल पैलेस मे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शिक्षक संदर्भ समूह के तत्वाधान मे विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली लगभग 50 से अधिक महिलाओं का सम्मान किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ मंचासीन मातृ शक्ति द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती के पूजन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। वही अतिथियों का स्वागत शिक्षक संदर्भ समूह की महिला शिक्षकों ने किया। वही कार्यक्रम में महिलाओ का सावित्री बाई फुले अलंकरण सम्मान पीत वस्त्र, ट्राफी, मैडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर अतिथियों का सम्मानित किया गया। वही कार्यक्रम में सम्मानित होने वाली महिलाओं में प्रमुख रूप से अधिवक्ता, कॉलेज अतिथि विद्वान, बैंक कर्मी, आँगनबाड़ी सुपर वाइजर एवं कार्यकर्ता सहित स्कूल शिक्षा विभाग से शिक्षक एवं कर्मचारी शामिल रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति कलावती ब्यारे ने कहा कि वर्तमान दौर में महिलाओं के समक्ष अनेक चुनौतियाँ हैं जिनका डटकर सामना करने की जरुरत हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं को सोशल मीडिया का उपयोग बेहद सावधानी से करने की जरूरत है। क्योंकि अनजाने लोग विभिन्न तरीको से पहचान बनाकर महिलाओं को परेशान करते हुये उनका अनेक तरीकों से शोषण करने में पीछे नही रह रहे है। इस दौरान उन्होंने कहा कि नौकरी पेशा महिलाओं के ऊपर घर परिवार की जिम्मेदारी निभाने के अलावा अपने कर्तव्य स्थल पर भी कार्य करने की चुनौती रहती हैं। जिस महिला ने दोनों परिस्थितियों में बेहतर तालमेल बना लिया वह हमेशा सफल रहती हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीमति साधना स्थापक ने मौजूद महिला शक्ति को संबोधित करते हुये कहा कि हमारे देश की संस्कृति में सदैव महिलाओं को सम्मान दिया जाता है। देश को आगे बढ़ाने में महिलाओं की भागीदारी हमेशा रहती हैं। महिलाओं के लिए शिक्षा देने का कार्य सबसे अच्छा एवं भरोसे मंद हैं। क्योंकि हम उन्हें हमारे बच्चे भविष्य निर्माण के लिए सौंपते हैं। कार्यक्रम में मौजूद सेवानिवृत प्राचार्य श्रीमति आरती पाठक एवं बीटीआई स्कूल प्राचार्य श्रीमति सुनीता पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं के सम्मान के लिये हुए इस आयोजन की जितनी प्रशंसा की जाये कम हैं। इस प्रकार के आयोजन होते रहना चाहिए। कार्यक्रम में इंजीनियर दीपा कौरव ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की जरुरत हैं। क्योंकि आजकल देखा जा रहा हैं की महिलाएं पुरुषो के बराबर कार्य कर रही हैं। उल्लेखनीय हैं कि कार्यक्रम में अतिथि के रूप में श्रीमति हेमा दिनेश मालपानी एवं शिल्पा राठी ने भी महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में सम्मानित हुई महिलाओं ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विजय नामदेव एवं अंत में आभार प्रदर्शन श्रीमति हेमलता राजपूत ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में शिक्षक सन्दर्भ समूह के जिला समन्वयक सिराज अहमद सिद्धिकी,निर्मला पाराशर, मधुसूदन पटैल, राजेंद्र गुप्ता, सत्यम ताम्रकार, पवन राजौरिया, शेख जफ़र खान, प्रियंका अग्रवाल, डॉ आरती विश्वकर्मा, भागवती मेहरा, अंजु लता नेमा का योगदान रहा। वही कार्यक्रम में दिनेश मालपानी, पूर्व बीईओ प्रताप नारायण के आलवा ब्लाक शिक्षा अधिकारी प्रतुल इंदुरख्या, संदीप स्थापक, गिरीश पटैल, महेश अधरुज, गजेंद्र कौरव, अमित पटैल, रामेश्वर कहार, वंशीलाल अहिरवार, राघवेंद्र चौधरी, देवेंद्र ठाकुर, मनोज कौरव, शैलेश मोहन शर्मा, श्रीमति नीलू उपाध्याय, कोच अजय चौहान के आलवा अनेक नागरिक एवं मातृ शक्ति मौजूद थी।

## पाँचवी एवं आठवीं वार्षिक परीक्षा का मूल्यांकन कार्य की हुई शुरूआत



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्थानीय बीटीआई स्कूल में राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार कक्षा 5 वी एवं कक्षा 8 वी की वार्षिक परीक्षा की अमूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शनिवार से शुरू हुआ है। बताया जाता है कि मूल्यांकन शुरू होने के पूर्व स्कूल के सभाक्रक्ष में मूल्यांकन में संलग्न शिक्षकों की बैठक ली गईं जिसमें उन्हें मूल्यांकन से जुड़े निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मूल्यांकन केंद्र प्रभारी प्राचार्य श्रीमति सुनीता पटैल ने इस कार्य में डियूटी करने वाले शिक्षकों को निर्देशित करते हुये कहा कि सभी मूल्यांकन कर्ता अपने हेड वैल्यूअर के सम्पर्क में रहकर निर्धारित समय सीमा में मूल्यांकन कार्य पूर्ण कराएं। कापियों को जाँचने में किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो इस बात का ध्यान रखें। बैठक में बीआरसी संदीप स्थापक ने कहा कि सभी मूल्यांकनकर्ता शिक्षक निर्धारित समय पर केंद्र पर उपस्थित होना सुनिश्चित करे। वही स्कूलों में हो रही परीक्षाओ से तालमेल स्थापित करते हुए मूल्यांकन कार्य में अहम सहयोग दें। बैठक का संचालन करते हुए बीएसी पवन राजोरिया ने भी मूल्यांकन से जुड़े सुझाव दिए। उल्लेखनीय है कि मूल्यांकन में अनेक शिक्षकों द्वारा अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं का जाँचकर उनके अंको की प्रविष्टि पोर्टल पर की जा रही है। इस अवसर पर बीएसी मनीराम मेहरा, राजेश दुबे, के के राजोरिया,प्रमोद राय, महेश अधरुज, मधुसूदन पटैल, बलिराम अहिरवार आदि उपस्थित रहें।

**खबर संक्षेप**

### आनाज चोरी होने की शिकायत कर कार्यवाही मांग



**अमरपुर।** पुलिस चौकी अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत जलेगांव के वनग्राम ढ़ोल बीजा शासकीय उचित मूल्य दुकान से 80 बोरी अनाज चोरी होने की लिखित शिकायत उमेश सैयाम शासकीय उचित मूल्य दुकान ढ़ोल बीजा विक्रेता के द्वारा 9 मार्च को पुलिस चौकी अमरपुर में किया गया हैं। शिकायत में उल्लेख किया गया हैं कि वनग्राम ढ़ोल बीजा के शासकीय उचित मूल दुकान क्रमांक 3903028 से 8 मार्च की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा 11 बोरी गेहूं, 68 बोरी चांवल एवं 1 बोरी शक्कर कुल 80 बोरी चोरी किया गया हैं। जिसकी शिकायत कर दर्ज कर चोरों के ऊपर सख्त कार्यवाही करने की मांग की गई हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार विगत दिनों शासकीय उचित मूल्य दुकान भाखा का ताला तोड़ा गया था। इसके साथ ही शासकीय उचित मूल्य दुकान अलोनी में भी अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़ा गया था। जिसकी शिकायत भी पुलिस चौकी में दर्ज कराई जा चुकी हैं।

### जिला चिकित्सालय में होमगार्ड ने आयोजित किया आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण एवं मॉक ड्रिल

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय अनूपपुर में विगत दिवस जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण एवं मॉक ड्रिल का आयोजन जन जागरूकता के उद्देश्य से होमगार्ड विभाग द्वारा आयोजित किया गया इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रभारी जिला कमांडेंट होमगार्ड श्री अजय सिंह कश्यप ने बताया कि प्लाटून कमांडर श्री रामनरेश भवेदी के नेतृत्व में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण एवं मॉक ड्रिल जिला चिकित्सालय में आयोजित किया गया इस दौरान जिला चिकित्सालय के स्टाफ के लोग भी उपस्थित रहे।

### कोतमा की 57 एएनएम को मंत्री ने प्रदान किए टैबलेट

**कोतमा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोतमा विकासखंड की 57 महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए टैबलेट प्रदान किया गया। अग्रसेन भवन कोतमा में आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप कुमार जायसवाल एवं दिशा समिति के सदस्य हीरा सिंह श्याम द्वारा बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को टैबलेट प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के वर्मा प्रमुख खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण आदि उपस्थित थे। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मंत्री दिलीप जायसवाल के द्वारा महिला मोर्चा की बहनों का भी शाल श्रीफल देकर सम्मानित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं, बल्कि समाज की प्रगति की नींव है।

# अमरपुर पुलिस ने 24 घंटे में किया 50 बोरी सीमेंट चोरी का खुलासा

अमरपुर।

पुलिस चौकी अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम देवरी में बन रहे सी. एम. राइज भवन निर्माण से 4 मार्च की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा 50 बोरी सीमेंट चोरी होने की सूचना 7 मार्च को कौशल सक्सेना प्रबंधक सी. एम. राइज द्वारा दी गई।



चौकी प्रभारी अतुल हरदहा द्वारा पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बजाग पुरुषोत्तम सिंह मरावी एवं थाना प्रभारी समनापुर कामेश धूमकेती के मार्गदर्शन में अपराध क्रमांक 90/25 धारा 331 (4) 305 (क) भारतीय न्याय संहिता का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ किया जाकर 50 बोरी सीमेंट सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिनमें अभिषेक बरार 22 वर्ष, राजेश धूमकेती 32 वर्ष, उमेश उर्फ सूरज ठाकुर 40 वर्ष एवं शैलेंद्र भार्गव 34 वर्ष जोकि कंपनी का इंजीनियर हैं। जिन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। 50 बोरी सीमेंट की कीमत 16500 रूपए एवं चोरी में उपयोग किया गया पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 04 जी. ए. 5963 कीमत लगभग 25 लाख रुपए जप्त कर गिरफ्तार आरोपियों को चिकित्सकीय परीक्षण उपरांत न्यायालय पेश करने भेजा गया। चोरी के मामले में इतना तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए सफलता प्राप्त करना पुलिस की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही हैं। जबकि इस चोरी में कंपनी के ही कर्मचारी एवं मजदूर सम्मिलित रहे। ग्रामीणों का मानना हैं कि इस प्रकार इनके द्वारा और भी सामग्री चोरी कर बेची गई होगी। इसी वजह से भवन में कई जगह दरार आने के समाचार प्रकाशित हो चुके हैं। फिर भी विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। उक्त सी. एम. राइज भवन निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर ग्रामीणों द्वारा निरंतर सवाल उठाएं जा रहे थे।



## शक्ति सोलर पंप का किया गया प्रदर्शन

**डिंडौरी।** शासन द्वारा सौर ऊर्जा से सिंचाई हेतु किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान देकर प्रोत्साहित किया जा रहा हैं। इसी तारतम्य में शक्ति सोलर पंप का प्रदर्शन महेंद्र ठाकुर रामगढ़ के कुएं में लगे सोलर पंप सेट से किया गया। जहां किसानों ने प्रदर्शन देख अपने खेतों में बने कुएं एवं नलकूप में लगाने का मन बना रहे हैं। सौर ऊर्जा सेट लगाने की प्रक्रिया से अवगत हुए आयोजित कार्यशाला में शक्ति पंप से संदीप वर्मा द्वारा उपस्थित किसानों को विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदाय की गई। वहीं उपस्थित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रोहिणी साल्वे द्वारा विभागीय प्रक्रिया से अवगत कराते हुए ऑनलाइन आवेदन में जरूरी दस्तावेजों की जानकारी देते हुए विभागीय योजनाओं से किसानों को अवगत कराया। इसके साथ ही पुलिस चैकी प्रभारी अतुल हरदहा द्वारा भी सौर ऊर्जा भविष्य के लिए लाभकारी बताया गया। किसानों ने भी उत्साह दिखाया और प्रदर्शन देखने सैकड़ों की तादाद में किसानों ने भाग लिया। जहां भारी संख्या में महिलाएं भी सम्मिलित हुए।

## शिविर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

डिंडौरी।



उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के आदेशानुसार गोदग्राम रामगढ़ में आयोजित विशेष शिविर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा भाषण, गीत एवं नाटक की प्रस्तुति दी गई। नाटक की थीम बाल विवाह निषेध विषय थी, आज भी देश के कुछ स्थानों में यह प्रथा हैं। जिसका पूर्ण रूप से समाप्त किया जाना आवश्यक हैं। स्वामी विवेकानंद कैरियर गाइडेंस प्रभारी देव प्रकाश उइके ने भारतीय महिलाओं के पूर्व एवं वर्तमान परिस्थितियों में आए बदलाव एवं उनकी विभिन्न क्षेत्रों में भूमिका पर व्याख्यान दिया। महिला सशक्तीकरण प्रभारी डॉ. सीमा सस्त्या ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला एवं महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में आए परिवर्तन पर चर्चा की। कार्यक्रम प्रभारी रूपेंद्र वरकड़े ने बताया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि महिलाओं के योगदान और समानता की दिशा में काम करने की प्रेरणा हैं। शिविर दल नायिका कृतिका बर्मन ने मंच संचालन किया। पूर्णिमा, मोनिका पड़वार, अभिलाषा काशिप, अमरवती एवं रिया ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय सरपंच वंदना ठाकुर, सचिव ठाकुर सिंह, राकेश बर्मन, डॉ. कंचन ताम्रकार, डॉ. सुनील काकोड़यिा, डॉ. स्वर्णिम पटेल, समीर मरावी, ओमकार, कमलेश आदि उपस्थित रहे।

## सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर हुआ आयोजन
## धर्म, जाति, पंथ, भेदभाव से ऊपर है शिक्षक की भूमिका

डिंडोरी

सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में एक दिवसीय ऑनलाइन विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसके आयोजक शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास महाकौशल प्रांत,जागृति शक्ति मंच डिंडोरी, महाकौशल विज्ञान परिषद,शासकीय महाविद्यालय करंजिया, शासकीय आदर्श महाविद्यालय डिंडोरी एवं शासकीय हाई स्कूल मुड़की जिला डिंडोरी रहे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. विकास जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में मातृ शक्तियों द्वारा विचार रखे। जो विभिन्न स्कूल एवं कॉलेज में अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं । शिक्षिकाओं, प्राध्यापिकाओं, प्राचार्य एवं समाज सेविकाओं ने अपने-अपने विचार रखें इस कार्यक्रम में सभी मातृ शक्तियों को एक मंच के माध्यम से विचार रखने का अवसर प्राप्त हुआ। अनेक प्राध्यापक,विद्यार्थियों ने भी इसमें सहभागिता की और उन्होंने विद्वत जनों की बातें सुनी कार्यक्रम में विशेष बात यह रही की शिक्षा ही एक ऐसा क्षेत्र है जो सभी धर्म,जाति, पंथ,भेदभाव से ऊपर है जिसमें विद्यार्थियों को युग परिवर्तन एवं राष्ट्र निर्माण की भावना के लिए तैयार किया जाता है इस ऑनलाइन कार्यक्रम में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी धर्मों की शिक्षाविदों ने अपनी अपनी बातें महिला सशक्तिकरण के विषय पर रखी।मुख्य अतिथि ममता नागपाल शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास दिल्ली प्रांत संयोजिका रही, मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रैना तिवारी विजयश्री शिक्षा महाविद्यालय जबलपुर, डॉ मुक्ता भटेले प्राचार्या ओरियंटल इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड




टेक्नोलॉजी जबलपुर, श्रीमती उषा राजपूत शिक्षिका एकलव्य आवासीय विद्यालय उमरिया, डॉ जी एस चंडोक प्राचार्या गुरु रामदास खालसा महाविद्यालय बरेला जबलपुर, डॉ मीनल दुबे कौशल विकास संस्थान रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर, डॉ मेघा परस्ते प्राध्यापिका शास.आदर्श कॉलेज डिंडोरी एवं विशेष उपस्थिति डॉ बबीता गर्ग प्राचार्या द्वारिका प्रसाद महाविद्यालय विजराघवगढ़ कटनी, प्रो अनामिका मिश्रा प्राध्यापिका शास.आदर्श महाविद्यालय डिंडोरी, उर्वशी राय पूर्व विभाग छात्र प्रमुख अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंडला, डॉ निशात अर्शी,अनामिका मिश्रा जिला कार्यवाहिका डिंडोरी, अनुष्का बिलैया अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, सुनीता नामदेव प्राचार्य मुड़की हाई स्कूल, सोनाली पांडे, स्वाति शुक्ला, आकांक्षा मार्टिन पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय डिंडोरी प्रमुख रुप से इन सभी ने अपनी अपनी बातें रखी इसी अलावा भी अन्य प्रोफ़ेसर शिक्षक विद्यार्थी ऑनलाइन पोर्टल पर जुड़े रहे।

ममता नागपाल ने बताया कि सावित्रीबाई फुले न केवल शिक्षा बल्कि सामाजिक सुधारों में भी सक्रिय रहीं। उन्होंने बाल विवाह, सती प्रथा, जातिवाद और छुआछूत जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने आत्महत्या करने जा रही विधवा काशीबाई को अपने घर में आश्रय दिया और उनके बच्चे यशवंत को दत्तक पुत्र के रूप में स्वीकार कर उनका पालन-पोषण किया। बाद में यशवंत को डॉक्टर बनाया।किसी ने कविताओं के माध्यम से किसी ने गाने के माध्यम से किसी ने अपनी बातों के माध्यम से सभी ने महिला सशक्तिकरण को अपनी-अपनी खूबियों के माध्यम से व्यक्त किया भारत की संस्कृति विरासत को बचाए रखने के लिए एवं महिलाओं को नेतृत्व क्षमता के लिए किस प्रकार तैयार रहना है इस पर भी विचार विमर्श किया गया साथ यह भी बताया गया कि राष्ट्रीय स्वयं सेविका समिति किस प्रकार से महिलाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत है।



## शास. स्नातक महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना का पांचवा दिन

**छात्र-छात्राओं ने जल संरक्षण को लेकर डेम में बांध बनाकर रोका पानी**

**शहपुरा** – शास. स्नातक महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर मे आज दिनाँक 8/3/25 पाँचवा दिन है इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बी. पी. झारिया के मार्गदर्शन मे सुबह प्रभात फेरी एवं जागरूकता के साथ ग्राम भीमपार मे स्वच्छता कार्यक्रम एवं नाले के स्टाप डेम्प से पानी रिस रहा था । उसे एन. एस. एस. इकाई के सभी छात्रों के द्वारा मिट्टी एवं पत्थर की सहायता से बांध बनाकर पानी को रोका - ग्राम भीमपर के सरपंच, कोटवार एवं समस्त नागरिकों के द्वारा एन. एस. एस. के छात्रों एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बी. पी. झारिया के मार्गदर्शन को सराहा गया । दोपहर की बोद्धिक परिचर्चा मे महाविधालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक एस. बी. उरेती के द्वारा पर्यावरण सुरक्षा एवं वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया ।

## कुलपति प्रोफेसर राजेश वर्मा ने शासकीय आदर्श महाविद्यालय शहपुरा का किया औचक निरीक्षण



**महाविद्यालय के स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने किया स्वागत**

शहपुरा

शासकीय आदर्श महाविद्यालय शहपुरा जिला डिंडोरी में दिनांक 7 मार्च 2025 शुक्रवार को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति प्रोफेसर राजेश वर्मा के द्वारा सुबह 9:45 बजे महाविद्यालय शहपुरा का औचक निरीक्षण किया गया ,जिसके अंतर्गत कुलपति वर्मा का महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने स्वागत एवं अभिनंदन किया कुलपति के द्वारा ओचक निरीक्षण के दौरान बैठक कर महाविद्यालय में की जा रही पढ़ाई एवं अन्य गतिविधियों के परीक्षण उपरांत विभिन्न सुझाव साझा किये। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर स्वीटी यादव एवं समस्त स्टाफ सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## भगवती मानव कल्याण संगठन ने किया कार्यक्रम का आयोजन






डिंडौरी ।

भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम के संयुक्त तत्वाधान में प्रत्येक माह की भांति इस माह के द्वितीय रविवार को जबलपुर बायपास रोड अम्बे राइस मिल के पास दरबार मैरिज गार्डन डिंडौरी में महाआरती का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।महाआरती समापन के पश्चात सैकड़ों की संख्या में नए मां भक्तों ने संगठन से जुड़कर नशामुक्त, मांसाहार मुक्त, एवं चरित्रवान जीवन जीने का संकल्प लेते हुए आजीवन जुड़कर कार्य करने का संकल्प लिए।।समापन क्रम में भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा डिंडौरी के जिला उपाध्यक्ष डीमन सिंह उईके ने कहा कि गुरुवर के बताए रास्ते में चलकर आप अपने जीवन को बहुत बदल सकते यदि सुबह शाम की नित्य साधना करते तो निश्चित रूप से गुरुवर के चिंतन में रहते है, गुरूवर के द्वारा पांच साधना क्रम बताया गया है उसके अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता है इसका परिणाम है बड़े बड़े घटना छोटा रूप लेकर निकल जाती है।चिंतन के अगली कड़ी में संगठन अध्यक्ष राधेश्याम राठौर ने कहा कि सभी को मेहनत करने की आवश्यकता है और समाज के बीच जाकर नशामुक्त अभियान को ओर अधिक तीव्र गति देना चाहिए जिससे गांव का गांव नशामुक्त हो सके। इस प्रकार सचिव मनीराम परस्ते ने आगामी होने वाले जनजागरण कार्यक्रम की जानकारी दिया ओर पार्टी अध्यक्ष चंद्रसिंह कुशराम ने आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया। अंत में शक्ति जल और प्रसाद का वितरण करते हुए शंखनाद के कार्यक्रम का समापन किए।

## खबर संक्षेप

### शांति की बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना सुआतला में आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार पर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें शांतिपूर्ण व सौहार्द्रता के साथ मनाये जाने के निर्देश देते हुये विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। उक्त अवसर पर अमित रघुवंशी, दीपक राय अध्यक्ष नर्मदा मंडल, कुलदीप बुंदेला, राजा पाठक, सुनील पटेल, सरपंच व विभिन्न ग्रामों के कोटवार मौजूद रहे।

### सेट प्रारंभिक परीक्षा में विकास को मिली सफलता



**नरसिंहपुर।** बीते दिना जिला मुख्यालय के नजदीकी ग्राम बांस कुवारी निवासी विकास कुमार सिंह ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य पात्रता परीक्षा सेट 2024 विषय केमिकल साइंस (रसायन शास्त्र) से उत्तीर्ण की है। आप शिक्षक मनोज कुमार एवं शिक्षिका श्रीमती नीता सिंह के पुत्र है उनकी इस सफलता पर परिजनों व शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### जांच शिविर का आयोजन कल

**नरसिंहपुर।** शंकराचार्य नेत्रालय झोंतेश्वर द्वारा राजमार्ग स्थित रोंसरा शासकीय अस्पताल मे निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर मे मोतियाबिंद व अन्य नेत्र संबंधी रोगों का परीक्षण व उपचार किया जावेगा। मरीजों को आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज अनिवार्य है।८

### गाली गलौज कर मारपीट किए जाने का आरोप

**कोतमा।** कोतमा थाना अंतर्गत निगवानी जमुनिहा टोला में रहने वाली महिला सुशीला बाई के साथ गांव के ही वैशाहू द्वारा विवाद करते हुए गाली गलौज कर मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है। महिला के द्वारा थाने में सूचना दी गई। पुलिस के द्वारा दोनों पक्षों को बुलाकर जांच बयान की कार्यवाही कर रही है।

### पति की प्रताड़ना से तंग आकर पत्नी ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

**कोतमा।** कोतमा थाना अंतर्गत गढ़ी गांव में रहने वाली 24 वर्षीय महिला ने अपने पति की प्रताड़ना से तंग आकर थाने की शरण लेते हुए गाली गलौज करने व धमकी को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के द्वारा पत्नी की शिकायत पुलिस पति टांकेश्वर को थाना बुलाते हुए दोनों पक्षों के बयान दर्ज किया गया।

### नारी शक्ति मैराथन का आयोजन कर सशक्तिकरण का दिया संदेश

**उमरिया।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पाली पुलिस ,नगर पालिका परिषद व युवा टीम उमरिया द्वारा नारी शक्ति मैराथन का आयोजन मां बिरासिनी क्रिकेट स्टेडियम पाली में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ज्ञानवती सिंह, वार्ड नंबर 12 पार्षद अंजू पटेल, राधा तिवारी, पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, बिरासनी कंप्यूटर इंस्टिट्यूट संस्थापक पवन सम्भर की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर नारी शक्ति मैराथन का आयोजन किया गया। अतिथियों द्वारा मैराथन को हरी झंडी दिखाई गई। मैराथन के प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर लगाई दौड़ दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश। नारी शक्ति मैराथन में प्रथम स्थान नेहा सिंह, द्वितीय स्थान आंचल तिवारी तृतीय स्थान नैंसी सोनी ने प्राप्त किया व अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया ।

## जिले की पुलिस व्यवस्था पर सवाल

# चौराहे पर चली गोली, जमकर हुआ बलवा

# घटना में 3 घायल 3 की हुई गिरफ्तारी









हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।

जिले में पुलिस द्वारा अच्छी व्यवस्थायें देने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे है लेकिन आये दिन हो रही घटनाओं से लोगों का विश्वास पुलिस से भी उठता नजर आ रहा है। बीते दिन से जिले की पुलिस पर लोगों द्वारा सवाल उठाया जा रहा है वही बीती रात हुई घटना से लोग सहम गये और बलवा हटते ही थाने पहुंचे और नारेबाजी करते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए शिकायती आवेदन दिया गया। पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुये तीप आरोपी को हिरासत मे लिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी हालाकि उक्त घटना से लोगों के अंदर डर घर बना चुका है।

### मामला इस प्रकार

बीती रात वैध और अवैध शराब सम्बंधित विक्रय मामले में आशीष दुबे अपने दर्जनों साथियों के साथ करेली के शिवशक्ति मंदिर चैराहे के पास चार पहिया वाहनों से पहुंचकर हथियारों से तोड़फोड़ शुरू करते हुए लोगों को डराने धमकाने लगा, साथ ही फायर भी किया। बवाल काटकर जब असामाजिक तत्वों की फौज चली गई तब सैंकड़ों नागरिकों ने करेली थाने का रुख किया, थाने में जमकर नारेबाजी हुई, मौके पर पुलिस के उच्चाधिकारियों ने मोर्चा संभाला जनता को आश्वासन दिया। घटना में तीन लोग घायल हैं, उनको डंडों और हाथ- मुक्कों की मारपीट की चोट है।

### जिले मे बढ़ रही है आपराधिक गतिविधियां

जिले में लगातार आपराधिक गतिविधियां बढ़ रही हैं, असामाजिक तत्व सरेआम गुंडागर्दी पर उतारू हैं, गुंडों की फौज किसी भी जगह पहुँचकर आवाम के लिए खौफ पैदा कर रही है जिससे लोग दहशत में हैं। रेत कम्पनी काण्ड को अभी आंखों से ओझल होते समय नहीं गुजरा था कि ताजा मामला जिले की व्यापारिक नगरी करेली का है जहाँ बीती रात दर्जनों तत्वों ने हाथों में डंडे, लाठियां लेकर दहशत फैलाई और फायर भी किये, खुलेआम गोली चलाने और मारपीट की घटना से शहर में सनसनी फैल गयी है। बताया जाता है कि पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है तथा शेष की तलाश जारी है। लेकिन सवाल यह है कि अपराधियों की खुलेआम इस तरह के अपराध करने की हिम्मत पड़ कैसे रही है। क्या इसके लिए पुलिस की ढ़लाई जिम्मेवार है या पुलिस को खुलकर काम करने से रोकने वाला जिले का राजनीतिक माहौल है ? कुछ भी हो लेकिन इतना तो तय है कि यदि जिले के नागरिकों ने एक होकर इस माहौल और बेखौफ अपराधियों का कड़ा विरोध नही किया तो अगली घटना किसी के भी साथ हो सकती है।

### अपराधों के विरूद्ध आगे आऐं जिलेवासी

जिले मे घटित हो रही घटनाओं को कारण जो भी हो राजनीतिक द्वेष या कारोबार की लड़ाई, लेकिन इस तरह की घटनाओं का सभ्यसमाज द्वारा पुरजोर विरोध होना ही चाहिए। जिले के नेताओं व अफसरों के लिए भी यह बेहद शर्मनाक बात है कि आये दिन इस तरह की घटनाएं हो रही हैं और भाजपा व कांग्रेस के जिम्मेदार पुतला फूंकने में लगे हैं। पुलिस पुतला बचाने में लगी है, राजनीति पुतला जलाने में लगी है और बातें सुचिता संस्कार सम्मान की हो रही हैं। जिले वासियों को चाहिए की इस प्रकार की घटनाओं का पुरजोर विरोध कर जिससे जिले की शांति व्यवस्था पूर्ण रूप से कायम रह सके। यदि अभी तत्परता नहीं दिखाई गई तो आने वाले समय में जिला अपराधों का केंद्र भी बन सकता है।

### इनका कहना है

उक्त घटना के बाद पुलिस ने आशीष दुबे और उसके अन्य साथियों पर हत्या के प्रयास, बलवा सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। घटनास्थल पर खाली खोखा मिला है, तीन लोग घायल हैं, उनको डंडों और हाथ- मुक्कों की मारपीट की चोट है। रात को ही पुलिस ने आशीष दुबे सहित 2 अन्य को अभिरक्षा में लिया है शेष की तलाश जारी है।

**संदीप भूरिया,**
**एएसपी नरसिंहपुर.**

# महिला दिवस पर मातृ शक्ति का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सहकार भारती के तत्वावधान में मानस तुलसी भवन सदर मढिया में महिला सम्मान कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संध्या कोठारी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने की, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका रहीं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं संघ के विभाग प्रचारक आनंदजी रहे। उन्होंने पुण्यश्लोक अहिल्या देवी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए पंच परिवर्तन की बात मातृशक्ति के बीच रखी। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। पुलिस अधीक्षक डेका द्वारा महिला सशक्तिकरण के विषय पर विचार रखे गए। कार्यक्रम में एसपी डेका का सम्मान सहकार भारती के जिला अध्यक्ष ठाकुर नितिन सिंह ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री जालम सिंह ने महिलाओं की जीवन शैली सुधार की बात करते हुए सरकारी योजनाओं के विषय में प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशेष सानिध्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ जिला पदाधिकारी व धर्म गुरु बिपिन चंद्र दुबे महाकाल महाराज का रहा। इस दौरान इंजी. सुनील कोठारी, सहकार भारती के प्रदेश मंत्री स्वदेश शर्मा, मप्र जैविक राज्य संघ के उपाध्यक्ष सौरभ राय, महिला प्रमुख अंजना कौरव, महामंत्री साकेत शर्मा, उपाध्यक्ष योगेंद्र शर्मा एवं इंद्रेश साहू, प्रदीप नेमा, महिला मोर्चा अध्यक्ष निशा सोनी, राष्ट्रीय सेविका समिति की जिला कार्यवाहिका प्रवीणा गोस्वामी सहित स्व सहायता समूह की मातृशक्ति की अधिक संख्या में उपस्थिति रही।

## पूर्व टीआई ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर जताया संदेह

# चोरी के मामले में पुलिस की भूमिका पर सवाल

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



गत दिवस पुलिस विभाग मे 39 वर्ष सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त थाना प्रभारी द्वारा चोरी के मामले मे पुलिस की कार्यप्रणाली पर ही सवाल उठाया जा रहा है। पूर्व थाना प्रभारी शंकर लाल झारिया द्वारा प्रेसवार्ता कर बताया गया कि बीते अगस्त माह में थाना क्षेत्र स्टेशन गंज शुभ नगर स्थित मकान से नगदी व सोने चांदी के जेवरात सहित लगभग 14 लाख रुपये की चोरी हुई थी जिस पर पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 0558/2024 धारा 301(3), 305 (ए) बी एन एस की धाराओं के तहत पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। उक्त मामले की शिकायत पुलिस के उच्च अधिकारियों से किये जाने पर आरोपियों की पहचान हुई तथा एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया जिसे हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई और ना ही चोरी का माल बरामद हुआ। पत्रकारों को संबोधित करते हुये सेवानिवृत्त थाना प्रभारी द्वारा घटना मे गिरफ्तार किये गये आरोपी से चर्चा कर शेष आरोपियों की भी जानकारी प्राप्त कर ली लेकिन पुलिस द्वारा अभी तक उक्त संबंध में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई जिससे पुलिस की कार्य प्रणाली पर भी सवाल उत्पन्न हो रहा है। पीड़ति के अनुसार पुलिस के सामने आरोपियों सीसीटीव्ही फुटेज तथा पता मिल जाने के बाद यदि कार्रवाई नही की जा रही है तो चिंता का विषय है पीड़ति ने बताया कि 39 वर्ष तक पुलिस विभाग मे सेवाएं देने के बाद यह आलम है तो अन्य पीड़तो को न्याय कैसे मिलेगा। प्रेसवार्ता के दौरान बताया गया कि आरोपी शतिर बदमाश है तथा आदतन अपराधी है यह भी बताया गया कि आरोपियों द्वारा सिवनी से आकर सूनी घर पर चोरी करना तथा यह जानकारी होना किस जगह नगदी व जेवरात रखे हुये है इसकी जानकारी भी होना किसी जानकारी व्यक्ति का हाथ होने की संभावना हो सकती है लेकिन उक्त मामले मे पुलिस के हाथ अभी खाली है जो चिंता जनक है जबकि उक्त संबंध मे पुलिस के आलाकमान अधिकारियों से शिकायत के बाद भी कार्रवाई ना होना पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न चन्हि है।

उक्त मामले मे समस्त संम्पति जब्त करने शातिर चोरो को गिरफ्तार कराने पर पीड़ति द्वारा एक लाख रूपया का ईनाम रखा गया है।

# तेंदूखेड़ा गाडरवारा सड़क मार्ग पर फिर एक हादसा





### *एक की मौत एक गंभीर

तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा-गाडरवारा मार्ग पर भारी वाहनों की बेलगाम रफ्तार लगातार हादसे बढ़ा रही है। रविवार को नर्मदा स्नान कर बाइक से लौट रहे दो ग्रामीणों को फ्लाइएश के परिवहन में लगे एक 20 चक्का हाइवा क्रमांक एचआर 84-9566 ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे एक ग्रामीण हाइवा में इस तरह फसा कि उसकी मौत हो गई जबकि दूसरा काफी दूर तक घिसटता चला गया। जिसे काफी देर बाद पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से निकलवाकर पहले गाडरवारा अस्पताल भेजा जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना के विरोध में गुस्साए ग्रामीणों ने गाडरवारा अस्पताल के सामने शव के साथ विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने मांग की।

घटना में बताया जाता है कि एनटीपीसी में लगे हाइवा में पीछे तरफ नंबर की जगह सिर्फ एचआर 84 लिखा है और शेष अंक पर पेंट्स लगा है। इसी वाहन ने नर्मदा के ककराघाट से स्नान कर बाइक से लौटे रहे ग्राम कौड़िया निवासी दीपक पिता कोमल प्रसाद धानक 26 वर्ष और अभिषेक पिता नरेंद्र धानक 25 वर्ष को टक्कर मारी। जिससे दीपक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लेकिन न तो पलोहाबड़ा पुलिस तत्काल यहां पहुंची और न ही घायल को अस्पताल भिजवाने, उसे वाहन से निकलवाने में सक्रियता दिखाई गई। जिससे लोगों में आक्रोश भड़क गया और लोगों ने शासन- प्रशासन की असंवेदनशीलता के खिलाफ रोष जताया।वहीं एसडीओपी गाडरवारा रत्नेश मिश्रा ने कहा कि हाइवा चालक घटना के बाद फरार है उसे पकड़ने पुलिस टीम लगी है और जल्द पकड़ लिया जाएगा। पीड़ित परिजनों की मांग पर एसडीएम द्वारा शासन एवं रेडक्रास व अन्य माध्यमों से राहत देने कार्रवाई की जा रही है।



# पांचवीं आठवीं का मूल्यांकन शुरू

**तेंदूखेड़ा।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चाँवरपाठा में कक्षा 5वीं-8वीं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन का काम शनिवार से प्रारंभ हो गया है।दूसरे दिन रविवार का अवकाश होने के बाद भी शिक्षकों द्वारा बडी बखूबी से उत्तर पुस्तिकाओं का जाँच कार्य किया जा रहा है । यह सब इसलिए किया जा रहा है जिससे 30 मार्च को दोनों कक्षाओं का परीक्षा परिणाम प्रदेश में एक साथ वन क्लिक पर ऑनलाइन घोषित किया जा सकें। ऐसे में मूल्यांकन केंद्र पर कॉपियों को जांचने के साथ ही मूल्यांकनकर्ता द्वारा टेबलेट के माध्यम से तत्काल प्राप्तांक भी ऑनलाइन दर्ज किये जा रहे है ।सरकारी व निजी स्कूलों में कक्षा 5वीं-8वीं की बोर्ड स्तर पर परीक्षा करवाई गई थी। प्रदेश सहित जिले के हर ब्लॉक मे उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुरू हो गया। ज्ञात हो पिछले बर्षो की भाति इस बार भी जिले में ब्लॉक बदलकर कॉपियों का मूल्यांकन किया जा रहा है। इसके लिए चाँवरपाठा ब्लॉक के उत्कृष्ट विद्यालय में 350 शिक्षक शिक्षिकाओं को कॉपियां जांचने के लिए चयनित किया गया है।मूल्यांकन केंद्राध्यक्ष के पी साइलवार ने बताया कि चाँवरपाठा केंद्र पर कक्षा 5वीं-8वीं से सरकारी एवं निजी स्कूलों से कुल 11हजार 312 उत्तरपुस्तिकाएं जांचने का लक्ष्य है। जिसमें दो दिनों में अब तक 50 फीसदी से ज्यादा कॉपियों की जांच होने के साथ ऑनलाइन मूल्यांकन कार्य भी हो चुका है। इस बार मूल्यांकन और प्राप्तांक हर स्थिति में 17 मार्च तक ऑनलाइन दर्ज करना है। क्योंकि 1 अप्रैल से पहले नये सत्र की शुरुआत होना है इससे पहले दोनों कक्षाओं का रिजल्ट घोषित होना है, इसके लिए 17 मार्च तक कॉपियां जांचने के साथ रिजल्ट ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश है। ऐसे में रविवार को भी मूल्यांकन का कार्य चला इस कार्य में प्रभारी प्राचार्य परवेज़ खान वीआरसी सुनील श्रीवास्तव राजेश सेन ज्ञानसिंह कौरव महेश ठाकुर वीरेंद्र सेन राममनोहर दुवे अशोक किरार रजनी चोरसिया सोभा तिवारी प्रहलाद सिंह पटैल आदि के द्वारा सहयोग किया जा रहा है।

## रामनगर पुलिस ने वसूली वारंटी को किया गिरफ्तार

**राजनगर।** पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के द्वारा माननीय न्यायालय में विचाराधीन विभिन्न आपराधिक प्रकरणों में चल रहें फरार वारण्टियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करने हेतु निर्देशित किया था। जिसके अनुपालन में थाना रामनगर द्वारा 08.03.25 को माननीय रविंद्र कुमार शिल्पी जेएमएफसी न्यायालय कोतमा एमजेसी आर 354/2024 धारा 125(3)में जारी 54,000 रू . का वसूली गिरफ्तारी वारण्ट के वारण्टी ओमप्रकाश केवट पिता कमला केवट उम्र 52 वर्ष निवासी आमाडांड एवं माननीय रविंद्र कुमार शिल्पी जेएमएफसी कोतमा प्र० क्र0 1198/22 अपराध क्र0 479/22 में जारी गिरफ्तारी वारण्ट के वारण्टी सागर चौधरी पिता सुखलाल उम्र 21 वर्ष निवासी पटेरा टोला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय कोतमा में पेश किया गया ।

### फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**कोतमा।** कोतमा थाना अंतर्गत गोड़ारू गांव में शनिवार की रात को फांसी के फंदे पर भारत गोंड 28 वर्ष का शव झूलता पाया गया। अचानक युवक के मौत की खबर से गांव में सनसनी मच गई।मृतक के चाचा मोहन सिंह गोंड द्वारा घटना की सूचना थाना कोतमा में दी गई।

## लाठी डंडों से हमला कर सर फोड़ देने का मामला दर्ज

**कोतमा।** कोतमा थाना अंतर्गत निगवानी के पास जमुनिहा टोला में रहने वाले बिसाहू साहू 58 वर्ष को उसी के भतीजे रामू द्वारा घर के आंगन में कांच गिराए जाने को लेकर आग बबूला होते हुए लाठी डंडों से हमला कर सर फोड़ दिया।खून से सने चाचा द्वारा शनिवार को थाना में शिकायत दर्ज कराने पर पुलिस ने आरोपी भतीजे रामू साहू के खिलाफ गाली गलौज कर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी को लेकर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि फरियादी और आरोपी भतीजे का घर अगल-बगल बना हुआ है जिसमें भतीजे के आंगन में कुछ सामान गिर जाने को लेकर विवाद हुआ जो बढ़ते बढ़ते मारपीट में बदल गया। मेडिकल एवं कथन उपरांत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।